पाठ 5. नकलची बंदर (चित्रकथा)

पाठ का उद्देश्य

इस गतिविधि के माध्यम से हम बच्चों को चित्र देखकर कहानी को समझना सिखाएँगे। 'नकलची बंदर' कहानी से बच्चों में बुद्धि का प्रयोग करने की भावना जागेगी। बच्चे कक्षा में कहानी सुनाएँगे, इससे उनकी मौखिक अभिव्यक्ति का विकास होगा। उनकी कल्पना-शक्ति को बढ़ावा मिलेगा। उनमें आत्मविश्वास जागेगा। अच्छे शब्दों व वाक्यों के प्रयोग से उनका भाषा-ज्ञान बढ़ेगा।

- बच्चों को चित्र देखकर उसपर कहानी सोचने का समय दें।
- प्रत्येक बच्चे से जानें कि चित्रों में क्या हो रहा है?
- एक बच्चा एक चित्र का वर्णन करे और दूसरा बच्चा उस वर्णन को दूसरे चित्र के आधार पर आगे बढ़ाए।
- बच्चे अच्छे शब्दों का प्रयोग करें।
- वाक्य छोटे-छोटे बनाएँ।
- इस गतिविधि से बच्चों की भाषा संबंधी, शारीरिक क्रिया संबंधी, सामाजिक कुशलता संबंधी व अंतर्मुखी विश्लेषण संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। इससे बच्चों की चित्र एवं दृश्य संबंधी बहुविध बौद्धिक क्षमता का भी विकास होगा।